
दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 05
अंकः- 33
मुरादाबाद
24 May 2025
(Saturday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## CM योगी बोलेः पाकिस्तान बहुत जी चुका. .. अब इसका समय आ गया है, हमारी सेना ने 24 के बदले 124 आतंकवादियों को मारा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान को उसके कर्मों की सजा मिलेगी। ये बहुत जी चुका है। अब इसके खत्म होने का समय आ गया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नया भारत है जो किसी को छेड़ता नहीं और अगर कोई छेड़ता है तो उसको छोड़ता नहीं हैं। यही काम तो हनुमान जी ने भी किया था। जब हनुमान जी लंका में रावण के सामने पेश किए गए तो रावण ने उनसे यही पूछा था कि तुमने मेरे बेटे (अक्षय कुमार) को क्यों मारा? तब हनुमान जी ने जवाब दिया था कि मैंने नहीं मारा।

मैंने तो बस जवाब दिया और वो मर गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि यही काम भारतीय सेनाओं ने किया। उन्होंने पाकिस्तान पर हमला नहीं किया बल्कि आतंकवाद की कायराना हरकतों का जवाब दिया। आतंकवादियों ने 24 निर्दोष भारतीय नागरिकों को मारा तो भारत की सेनाओं ने 124 आतंकवादियों का खात्मा कर दिया। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को अयोध्या के हनुमानगढ़ी में हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अब 75 साल अपनी पूरी जिंदगी जी चुका है। अब ये खत्म हो जाएगा। इसका समय आ गया है। हमारे एक पूज्य संत ने भविष्यवाणी की थी कि पाकिस्तान खत्म हो जाएगा। पाकिस्तान को उसके कर्मों की सजा मिलेगी।

### संक्षिप्त समाचार

### एक ही बाइक पर सवार थे 4 लोगः ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत और दो घायल; परिजनों में मचा कोहराम

राजीव गुप्ता (32वर्ष) अपने सात साल के बेटे श्रेयस के साथ बृहस्पतिवार रात सेहरामऊ दक्षिणी के भरगवा में शादी में शामिल होने के लिए गए थे। वहां उनके रिश्तेदार अभिषेक और रामदेव मिल गए। रात करीब साढ़े 11 बजे चारों एक बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। शाहजहांपुर के सेहरामऊ दक्षिणी में भरगवां गांव के नजदीक ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर की बाइक में टक्कर लग गई। हादसे में बाइक पर सवार युवक और उसके सात वर्षीय बेटे की मौत हो गई। जबकि दो रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों एक ही बाइक पर सवार थे। चौक कोतवाली के मोहल्ला मौजमपुर निवासी राजीव गुप्ता (32वर्ष) अपने सात साल के बेटे श्रेयस के साथ बृहस्पतिवार रात सेहरामऊ दक्षिणी के भरगवा में शादी में शामिल होने के लिए गए थे। वहां उनके रिश्तेदार हरदोई जिले के पाली के रहने वाले अभिषेक और रामदेव मिल गए।

रात करीब साढ़े 11 बजे चारों एक बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर ट्रॉली से बाइक में टक्कर लग गई। हादसे में राजीव और उनके बेटे की मौत हो गई। जबकि दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

### 13 शहीद सैनिकों के परिजनों को मिली सरकारी नौकरी, जारी किया गया आदेश

13 शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को सरकारी नौकरी दी गई है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। अनुकंपा नियुक्ति पाने वालों को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों में तैनात किया जाएगा।प्रदेश सरकार ने शहीद सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वर लू ने इस बाबत सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास निदेशक को 13 शहीद सैनिकों के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों में कनिष्क सहायक के पद पर तैनात करने का आदेश दिया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों यूपी के शहीद सैनिकों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी।आदेश के मुताबिक 19 जुलाई 2023 को शहीद हुए देवरिया निवासी कैप्टन अंशुमान सिंह (कीर्ति चक्र) के भाई घनश्याम सिंह को राजधानी स्थित सैनिक कल्याण निदेशालय में नियुक्ति दी गई है। इसी तरह 23 दिसंबर 2022 को शहीद हुए एटा निवासी सिपाही भूपेंद्र सिंह की पत्नी सारिका को फर्रुखाबाद, 2 सितंबर 2020 को शहीद प्रतापगढ़ निवासी नायक रवि शंकर सिंह की पत्नी रीतू सिंह को गाजियाबाद, 7 अक्तूबर 2021 को शहीद फतेहपुर निवासी हवलदार राजेश कुमार की पत्नी अंजली को फतेहपुर, 22 नवंबर 2022 को शहीद बलिया निवासी नायब सूबेदार बदन यादव की बेटी प्रिया यादव को लखनऊ निदेशालय में नियुक्ति प्रदान की गई है।21 दिसंबर 2023 को शहीद हुए कानपुर नगर निवासी नायक करन कुमार की पत्नी अंजू को इटावा, 4 अक्तूबर 2023 को शहीद हुए देवरिया निवासी नायक संदीप मिश्रा की पत्नी श्वेता मिश्रा को देवरिया, 16 अक्तूबर 2021 को शहीद हुए हरदोई निवासी हवलदार सत्यम कुमार पाठक के बेटे प्रिंस आकाश को हरदोई, 27 अक्तूबर 2021 को शहीद कन्नौज निवासी सीओएम हरिओम के भाई मोहन चंद्र को एटा, 5 जून 2017 को शहीद हुए मथुरा निवासी हवलदार विनोद कुमार की बेटी शशि कुमारी को मथुरा, 20 अगस्त 2023 को शहीद प्रतापगढ़ निवासी नायब सूबेदार लालजी यादव के बेटे सत्यम यादव को प्रतापगढ़, 27 जुलाई 2024 को शहीद हुए बदायूं निवासी रायफलमैन मोहित राठौर की पत्नी रुचि को बदायूं और 4 अक्तूबर 2023 को शहीद हुए बिजनौर निवासी सिपाही नितिन कुमार की पत्नी माला को मेरठ में तैनाती दी गई है।


## पाकिस्तान की गोली का जवाब BSF ने गोले से दिया, अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को जमकर सराहा



अमित शाह ने कहा कि आज पाकिस्तान का पर्दाफाश हो गया है कि भारत में आतंकवाद पाकिस्तान प्रायोजित है। जब हमने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, तो पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि जब यह निर्णय लिया गया कि एक सीमा पर एक बल सुरक्षा प्रदान करेगा, तो बीएसएफ को दो सबसे कठिन सीमाओं बांग्लादेश और पाकिस्तान बॉर्डर की रक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई थी। आपकी क्षमताओं को देखते हुए आपने इसे बहुत अच्छी तरह से सुरक्षित किया है। उन्होंने %ऑपरेशन सिंदूर% के दौरान बीएसएफ के शौर्य को भी सलाम किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की हर गोली का जवाब बीएसएफ ने गोले से दिया। उन्होंने कहा कि 1965 से लेकर 2025 तक अपने कर्तव्य के पथ पर निडर होकर सर्वोच्च बलिदान की भावना के साथ चलते हुए 2,000 से ज्यादा जिन सीमा प्रहरियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, मैं पूरे राष्ट्र की ओर से उन्हें प्रणाम करता हूं। देशभक्ति के आधार पर सभी कठिनाईयों को पार करके कैसे विश्व में सर्वश्रेष्ठ बल बना जा सकता है, उसका उत्तम उदाहण BSF है। केएफ रुस्तमजी बीएसएफ के संस्थापक और पहले महानिदेशक थे। यह दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल है, जिसमें लगभग 2.75 लाख कर्मी पश्चिम में पाकिस्तान और पूर्व में बांग्लादेश के साथ भारतीय सीमाओं की रक्षा करने का काम करते हैं। बीएसएफ की स्थापना 1965 में हुई थी।अमित शाह ने कहा, %ऑपरेशन सिंदूर तब सफल हुआ, जब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, हमारी खुफिया एजेंसियों से सटीक जानकारी और सेना की मारक क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन एक साथ आए। जब ये तीनों एक साथ आए तो ऑपरेशन सिंदूर बना। हमारा देश कई दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने कई बड़ी घटनाओं को वर्षों से अंजाम दिया, लेकिन उसे माकूल जवाब नहीं दिया गया। 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार बनी और पहला बड़ा हमला उरी में हमारे सैनिकों पर हुआ, उन्हें जिंदा जलाने का दुस्साहस किया और हमने उरी के तुरंत बाद सर्जिकल स्ट्राइक करके पहली बार आतंकियों के ठिकानों में घुसकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया। फिर पुलवामा में हमला हुआ, सीआरपीएफ के काफिले को निशाना बनाया गया। सेना एयर स्ट्राइक कर के पहले से भी कठोर दंड दिया।% %ऑपरेशन के कुछ ही मिनटों के भीतर हमने नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया अमित शाह ने कहा, पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों की ओर से निर्दोष लोगों को उनके परिवारों के सामने उनका धर्म पूछकर मार दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर उस हमले का जवाब है और आज दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी की प्रशंसा कर रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था और ऑपरेशन के कुछ ही मिनटों के भीतर हमने नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया, जिनमें से दो आतंकी मुख्यालय थे। हमने पाकिस्तानी सेना के प्रतिष्ठानों, एयरबेसों को तबाह नहीं किया। हमने केवल उन लोगों को दंडित किया, जिन्होंने भारतीय धरती पर पाप किए थे। पाकिस्तान ने साबित कर दिया कि वह आतंकवाद को प्रायोजित करता है केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, हमें लगता था कि हमने आतंकियों पर हमला किया है, लेकिन पाकिस्तान ने साबित कर दिया कि वह आतंकवाद को प्रायोजित करता है... पाकिस्तान, आतंकियों पर हमले को खुद पर हमला मानता है... जब पाकिस्तानी सेना ने हमारे नागरिक ठिकानों और हमारे सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने की कोशिश की, तो भारतीय सेना ने कड़ा जवाब दिया। उनके एयरबेस पर हमला करके अपनी मारक क्षमता का परिचय दिया। उनकी हर गोली का जवाब हमारी बीएसएफ ने गोले से दिया।

## राहुल ने फिर जयशंकर से पूछे सवाल; कहा- धराशायी हुई विदेश नीति; BJP ने किया पलटवार

राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश मंत्री एस. जयशंकर पर निशाना साधा है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राहुल पहले भी जयशंकर पर सवाल उठा चुके हैं। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने पहले राहुल के सवालों को तथ्यों का पूरी तरह से गलत प्रस्तुतीकरण बता चुका है।कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश मंत्री एस. जयशंकर से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कड़े सवाल किए। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्या जेजे बताएंगे- भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ दिया गया है? पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा साथ क्यों नहीं दिया? ट्रंप को भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा? भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई है। जवाब में भाजपा ने राहुल को निशान-ए-पाकिस्तान बताया। पार्टी ने कहा कि राहुल भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता को कमतर आंकना बंद करें और चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के बारे में गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी करके देश की सुरक्षा को खतरे में डालना बंद करें।यहां से शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोप का दौर राहुल ने 17 मई को %एक्स% पर एक वीडियो साझा किया। इसमें जयशंकर का बयान था। राहुल ने लिखा, हमारे हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित करना एक अपराध था। विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया। 1. इसे किसने अधिकृत किया? 2. इसके परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खो





दिए? इसके बाद 19 मई को राहुल ने फिर जयशंकर से सवाल किए। उन्होंने लिखा, विदेश मंत्री जयशंकर की चुप्पी सिर्फ बयानबाजी नहीं है- यह निंदनीय है। इसलिए मैं फिर से पूछूंगा- हमने कितने भारतीय विमान खो दिए, क्योंकि पाकिस्तान को पता था? यह कोई चूक नहीं थी। यह एक अपराध था। और देश को सच्चाई जानने का हक है। विदेश मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कही थी यह बात दिल्ली में होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के बाद 15 मई को पत्रकारों से बात हुए जयशंकर ने कहा था, %यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था। हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर और सेना के पास यह विकल्प है कि वह खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे।% विदेश मंत्रालय ने किया था राहुल का खंडन राहुल गांधी की प्रतिक्रिया को विदेश मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने राहुल के बयान को तथ्यों का पूरी तरह से गलत प्रस्तुतीकरण बताया था। विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर के खिलाफ लगाए गए उन आरोपों का खंडन किया था कि सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले पाकिस्तान को सूचित किया। विदेश मंत्रालय के एक्सपी डिवीजन के अनुसार, जयशंकर ने कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद शुरुआती चरण में ही पाकिस्तान को चेतावनी दे दी थी। %सशस्त्र बलों की वीरता को कमतर आंकना बंद करें% जवाब में भाजपा ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। पार्टी ने कहा कि वे भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता को कमतर आंकना बंद करें और चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के बारे में गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी करके देश की सुरक्षा को खतरे में डालना बंद करें। राहुल को निशान-ए-पाकिस्तान कहते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर कांग्रेस नेता की टिप्पणी का इस्तेमाल इस्लामाबाद भारत को बदनाम करने के लिए कर रहा है। भाटिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, राहुल गांधी, आप तय करें कि आप किस तरफ हैं। आपको तय करना होगा कि आप भारत के विपक्ष के नेता हैं या पाकिस्तान के निशान-ए-पाकिस्तान। भाटिया ने कांग्रेस नेता से आग्रह किया, %राहुल गांधी हमारे बहादुर सशस्त्र बलों की वीरता और प्रतिबद्धता को कमतर आंकना बंद करें, ऐसे सवाल पूछना बंद करें जो नहीं पूछे जाने चाहिए। वे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल की टिप्पणी को बचकाना व्यवहार कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे सवाल जानबूझकर पूछना राहुल गांधी का मुख्य चरित्र रहा है, जो हमारे देश के प्रति शत्रुतापूर्ण राष्ट्रों के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं।


## संपादकीय Editorial

### Search for something new

Chief Minister Sukhvinder Singh Sukhu's name has also started getting inscribed in the attempt to bring the mountain of politics down to the ground. Going against what is accepted in politics is a costly deal, but this art has its own courage. Sukhu is citing the reason of being the Chief Minister of tough decisions, so this feeling has its own value. The Congress, which was establishing its existence in the web of guarantees till yesterday, today wants to establish its feet in the reality of the state. Obviously, if the new era of responsibilities and accountability has straightened up the Babu empire in the office environment, the teacher empire in the school environment and the Patwari-Kanungo empire in the arithmetic of land revenue to some extent, then there will be regret. Now in the next round of this era, the offices which have become sleepy due to the crowd of Shimla are being advised to move in new company. To change the caravan, only a new destination is needed, it has written a new message on your destination. The message is that now the headquarters of some departments and the basements of work culture will leave the established environment of Shimla. After the retrenchment of the headquarters of Wild Life and HPTDC, will the administrative city Dharamshala be decorated with the offices like RERA, Information Commission and State Education Department or will these exercises prove to be a matter of weighing and twisting. Tough decisions because for the first time the government work culture is being transferred. Seeing the state from Shimla has become a part of a fixed culture, which steers the boat of every government, but now the direction and vision of seeing the entire state is changing. Obviously, if the Tourism Development Corporation will see from the eyes of lower Himachal, then the business turns will change and in this context the fatigue of loss-making units will be removed. There are geographical and political contents of a strange fatigue of the capital Shimla, which are explored, but it spreads again every time by tiring every government. Governments change, but the behavior of the government machinery does not change. Therefore, when the Sukhu government gave targets to the Revenue Department for pending transfers, a revolution came. Such revolutions are a challenge to bring every department out of fatigue. The election to move the stagnant work culture of Shimla throughout the state can be a good initiative, provided the transfer system is also structured along with it. If we identify the governments that take tough decisions, then after Shanta Kumar and Virbhadra Singh, Sukhwinder Sukhu is looking for his identity outside the shield of politics. A government that has to stretch its legs on a borrowed budget every month will have to keep a sharp eye on the use of the state's resources and find a place for savings. A unique investigation which is being tried to be made a slogan for system change. This is an election to change the perspective, a practice to walk carefully. If the governments come out of their wasteful expenditure, then there may or may not be an account of the capacity, but they will definitely get a hand of support. If the policies are bitter, then the thorns of criticism will grow. Of course, some references to this criticism are considering the current situation of the Sukhu government, but if the state has to move forward, then political hobbies or performances need to be curbed. Instead of political brokerage in transport services, there should be a check on losses and accountability in the system. Will privatization be the cure for many diseases or has the time come to limit unnecessary departmental expansion? Now instead of walking on a soft carpet, the destination will be found only by passing through a scene.

# Congress's cheap politics, presented the statement of Foreign Minister on Operation Sindoor in a distorted manner

If the attitude of Congress is making anything clear, then it is that for it, party interest is bigger than national interest. Some components of the Congress-led INDIA are also showing similar narrow-mindedness. To express its unnecessary objection, Trinamool Congress said that the government cannot decide the names of the members of the delegations going abroad. The latest example of how cheap and anti-national politics can be is the Congress presenting a statement of Foreign Minister Jaishankar on Operation Sindoor in a distorted manner and raising such absurd questions that Pakistan likes. The statement of Foreign Minister regarding warning Pakistan about Operation Sindoor was first defined by Rahul Gandhi in such a way that he had already informed Pakistan that we are going to attack its terrorist bases. Although the Ministry of External Affairs clarified that Jaishankar did not say anything like what the Congress leaders are thinking, but it did not affect Rahul Gandhi. He stuck to his question and concluded that Pakistan was alerted in advance because of Jaishankar and as a result our fighter jets became targets. Can any person with a right mind draw such a bizarre conclusion? Rahul Gandhi can do anything. Since he is adamant on his absurd point, other Congress leaders also followed his path and party spokesperson Pawan Khera even said that whatever the Foreign Minister said is not a warning but an informer. If Pawan Khera is to be believed, the Foreign Minister has committed the sin of protecting Pakistani terrorists. It was natural that Pakistan pounced on Rahul Gandhi's statement and the media there started cashing in on it in its favor. The Congress spokesperson interpreted this too in his own way and tried to justify Rahul Gandhi. It should also not be ignored that the Congress is upset that why the government selected its leader Shashi Tharoor for the multi-party delegations to expose Pakistan and express India's view against terrorism. Before asking this question, Congress should ask itself why it did not propose his name, who is well versed in diplomacy and also an effective speaker. If the attitude of Congress is making anything clear, then it is that for it, party interest is bigger than national interest. Some components of the Congress-led INDIA are also showing similar narrow-mindedness. To express its unnecessary objection, Trinamool Congress said that the government cannot decide the names of the members of the delegations going abroad. Under pressure from Mamata Banerjee, its MP Yusuf Pathan even refused to join the delegation. After all, what kind of leaders are these who call their alliance India, who are ignoring the interests of India?





# Preparations have to be made for decisive victory, countering China-Turkey-Pakistan is necessary

India is standing at an important juncture in its security journey. Operation Sindoor is not a final war but a declaration of India's capabilities, willpower and strategic skills. For decisive victory in this, we will have to make planned preparations with farsighted diplomacy, state-of-the-art military preparations, unbreakable internal unity and most importantly, strong political willpower. Expressing India's commitment to give a strong response to Pakistan's imposed terrorism, Prime Minister Modi has set a new standard of counter-reaction in the form of 'Operation Sindoor'. The precise attacks carried out from occupied Jammu and Kashmir to the interior areas of Pakistan are a very severe blow to Pakistan. It also underlined India's strategic capabilities. Despite this, it does not seem that Pakistan will stop its activities. Therefore, adequate preparations for a decisive or major confrontation in the future have become necessary from now itself. India will have to start surrounding Pakistan at every possible level. Operation Sindoor was successful from the point of view of military operations, but the global diplomatic response during this period was not encouraging. China stood in support of its evergreen friend Pakistan. Turkey and Azerbaijan did the same. The US adopted an ambiguous approach to balance both sides. The European Union also viewed this military conflict from the limited perspective of the Kashmir issue and ignored Pakistan's terrorist infrastructure. India was not fighting only Pakistan but a broad coalition that considered India's growing stature and confidence a threat to its interests. This apprehension became clear when India destroyed many of Pakistan's military bases and disabled its defense system in a swift, coordinated and targeted attack. Western powers, especially the US, must understand that strengthening India is in its strategic interests to balance China's expansionism. Unfortunately, the US's reaction shows that it is hesitant to openly support India. This approach is not correct. In such a situation, India should try to change the direction of global discourse. It is important to remind the world that the India-Pakistan conflict is not just a regional battle for Kashmir but a decisive war against state-sponsored terrorism. Pakistan continues to be the centre of Jihadi ideology, the impact of which was seen in global events like 9/11 attacks, London bomb blasts, Madrid train attack. These incidents are proof that the terrorist network nurtured by the Pakistani Army-ISI has spread globally. India has to clearly tell the West that Kashmir has been an integral part of Indian culture and civilization for thousands of years. India is not based on the two-nation theory like Pakistan, but is a vibrant, pluralistic and diverse democracy, which cannot be bound by communal boundaries. This historical and cultural context should be repeatedly presented on global forums, so that the propaganda of Pakistan and its supporting countries can be countered. We have to actively run a counter propaganda campaign, so that the Western view on Kashmir changes. From a strategic point of view, after the Pahalgam terrorist attack and Operation Sindoor in response to it, there is no scope for any kind of leniency. Now war is not limited to traditional fronts only. Technological superiority has become decisive. It is important to understand military technology, artificial intelligence and unmanned systems. Now there will be no laxity at any level. Continuous feedback from ground intelligence, strong cyber security structure and quick response mechanism will have to be adopted. To counter the China-Turkey-Pakistan trio, India will have to maintain a decisive edge in weapons and military doctrines. Advanced technology, strong logistics and mutual coordination between the armies are essential. Even though Pakistan seems to be strategically weak, it is unlikely to stop its activities due to the support of China, Turkey and the indecision of the West. Organizations like the Border Security Force (BSF) play their role well in peace time, but now they have to be developed as a wartime force, which can take charge in a crisis situation. For this, BSF's access to artillery support, drone and anti-drone technology and electronic warfare capabilities will have to be increased. In this sequence, renewal of training programs and regular joint exercises with the army are also necessary. Internal security challenges are also serious. The most worrying among these is illegal infiltration from Bangladesh. The increasing number of infiltrators is not only putting a burden on local resources, but is also affecting the demographic balance of sensitive border states. This is a threat from both social and security perspectives. Therefore, the National Citizen Register i.e. NRC policy has become not only necessary but also mandatory. Along with this, we have to constantly encourage values ????like unity, national pride and patriotism. Fake news, hate speech and misleading information should be strongly opposed. India is currently standing at a crucial juncture in its security journey. Operation Sindoor is not the last war, but a proclamation of India's capabilities, willpower and strategic skills. For a decisive victory in this, we need far-sighted diplomacy, state-of-the-art military preparations, unbreakable internal unity and most importantly strong political will. Planned preparations will have to be made with full vigor. The fight against Pakistan-sponsored terrorism is no longer just a regional conflict, but a decisive moment for India in its quest to become a global power. This decisive victory will pave the way for a 'developed and empowered India'.

# गुलजारनगर में बड़ी कार्रवाई, अवैध असलाह बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़, नौ आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद के थाना गलशहीद पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में अवैध हथियार बनाने और बेचने वाले गैंग का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार, कारतूस, बारूद और उपकरण बरामद किए हैं। इस मामले में नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मुरादाबाद के थाना गलशहीद पुलिस ने अवैध हथियार बनाने और बेचने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 315 बोर के चार अधबने तमंचे, दो अधबनी नालें, एक पौनिया, दो अधबने तमंचे और 54 कारतूस समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। इसके साथ ही अवैध शस्त्र बनाने की सामग्री, बारूद और उपकरण भी मिले हैं। पुलिस ने मौके से नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वह मुरादाबाद और आसपास के जिलों में हथियार सप्लाई करते थे। पुलिस के अनुसार पूरी कार्रवाई एसओजी और थाना गलशहीद की संयुक्त टीम ने की। पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से पांच कारतूस समेत 12 बोर की बनी-बनाई तमंचियां, दो किलो बारूद, 150 बोर नमक की गोली, नालें, पाइप, स्प्रिंग, बट, पत्तीदार ट्रिगर, ग्राइंडिंग मशीन, टूलकिट, हथियार तैयार करने की मशीनें और अन्य उपकरण बरामद हुए हैं। साथ ही एक महिला के कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब भी मिली है। गिरफ्तार अभियुक्तों में आरिफ, अरशद, समीर, साजिद, बबलू, तौसीफ, नदीम, आजाद और सरफराज शामिल हैं। सभी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम समेत अन्य अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



# सीबीएसई : अंकों से संतुष्ट नहीं तो दोबारा चेक करा सकते हैं कॉपियां

मुरादाबाद- कक्षा दस और 12 की परीक्षा में मिले अंकों से असंतुष्ट विद्यार्थियों को सीबीएसई ने एक और मौका दिया है। ऐसे विद्यार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं को दोबारा चेक करा सकते हैं। इसके लिए 21 मई से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीबीएसई ने पिछले दिनों कक्षा दस और 12 की परीक्षा का परिणाम जारी किया था। रिजल्ट की घोषणा के बाद अब सीबीएसई ने ऐसे विद्यार्थियों को एक और मौका दिया है, जो अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं। सीबीएसई ने कक्षा दस और 12 बोर्ड परीक्षा 2025 के बाद की प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर दिया है। यदि किसी छात्र को लगता है कि उसके अंक सही से नहीं दिए गए हैं, तो वह स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त करने, अंकों के सत्यापन और री-वैल्यूएशन के लिए निर्धारित समय सीमा में आवेदन कर सकता है। 12वीं का छात्रों के लिए सात सौ रुपये शुल्क सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर नीरज तिवारी के अनुसार कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 27 मई तक 700 रुपये प्रति विषय शुल्क के साथ स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद वे 28 मई से तीन जून 2025 तक अंकों का सत्यापन (500 रुपये प्रति उत्तर पुस्तिका) और री-वैल्यूएशन (100 रुपये प्रति प्रश्न) के लिए आवेदन कर सकते हैं। 10वीं के छात्रों के लिए महत्वपूर्ण तिथियां सिटी कोआर्डिनेटर नीरज तिवारी के मुताबिक सीबीएसई 10वीं के छात्र 27 मई से दो जून 2025 तक 500 रुपये प्रति विषय शुल्क के साथ स्कैन की गई आंसर शीट्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद तीन जून से सात जून 2025 तक वेरिफिकेशन और री-वैल्यूएशन की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इस दौरान वेरिफिकेशन के लिए 500 रुपये और प्रत्येक प्रश्न के री-वैल्यूएशन के लिए 100 रुपये का शुल्क निर्धारित है।

ऐसे कर सकते हैं आवेदन- -सबसे पहले सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। -होम पेज पर दिए गए री-वैल्युएशन और री-वेरिफिकेशन लिंक पर क्लिक करें। -इसके बाद आपको अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा। -अब आपको अपने अकाउंट में लॉग इन करना होगा। -इससे बाद आपको एप्लीकेशन फॉर्म को भरना होगा और आवेदन शुल्क को जमा करना होगा। -आपको सबमिट पर क्लिक करना होगा और पेज को डाउनलोड कर लीजिए। -भविष्य के लिए इस पेज का प्रिंट आउट निकाल निकाला जा सकता है। सीबीएसई की ओर से अंकों से असंतुष्ट छात्रों के लिए मौका दिया गया है। बेवसाइट पर जाकर छात्र अपना आवेदन कर सकते हैं। नीरज तिवारी- प्रधानाचार्य ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई

# मसवासी में आंधी-बारिश से 36 गांवों की बिजली ठप

मुरादाबाद- मसवासी (रामपुर)। जिले में देर रात आई आंधी-बारिश से मसवासी नगर समेत आसपास के 36 से ज्यादा गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली न आने से क्षेत्र में पानी की सप्लाई भी प्रभावित रही। तेज हवाओं के साथ बारिश के दौरान कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। टांडा-दढ़ियाल होकर आने वाली हाईटेंशन लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। बृहस्पतिवार सुबह बिजली विभाग की टीम जब पेट्रोलिंग पर निकली, तब आपूर्ति बाधित होने का कारण स्पष्ट हुआ। बिजली विभाग के अवर अभियंता (जेई) सुरेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में लाइन सुधार कार्य में टीम जुटी रही। बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। ग्रामीणों में विभाग की लापरवाही को लेकर नाराजगी भी देखी गई। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से जल्द आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# रामपुर में वंदेभारत एक्सप्रेस पर पथराव, कोच का शीशा चटका, यात्रियों में हड़कंप.. अज्ञात के खिलाफ केस

मुरादाबाद- देहरादून से लखनऊ जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस पर रामपुर के मिलक-नगरिया स्टेशन के बीच पथराव किया गया। इससे एक कोच का शीशा चटक गया। घटना से यात्री घबरा गए और स्टाफ को सूचना दी। आरपीएफ ने अज्ञात के खिलाफ रेलवे एक्ट में केस दर्ज किया है देहरादून से लखनऊ जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस पर रामपुर में पथराव किया गया। रामपुर के मिलक-नगरिया स्टेशन के बीच किए गए पथराव से सी-3 कोच का शीशा चटक गया। तेज आवाज व शीशे के चटकने से यात्री घबरा गए और ट्रेन में तैनात स्टाफ को सूचना दी।इस मामले में आरपीएफ की रामपुर पोस्ट पर अज्ञात के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पथराव के बाद पटरियों के पास पेट्रोलिंग कर रहे आरपीएफ स्टाफ को भी मामले की जानकारी दी गई। ट्रेन के कैमरे व आसपास लगे सीसीटीवी के जरिये आरपीएफ पत्थर मारने वाले का पता लगाने में जुट गई है।पथराव से घबराए यात्रियों ने ट्रेन के शीशे चटके का फोटो व घटना की जानकारी एक्स पर पोस्ट कर दी। बरेली स्टेशन पर ट्रेन रुकी तो यात्रियों ने उतर देखा और रेलवे स्टाफ को भी सूचना दी। रेलवे अधिकारियों ने आरपीएफ को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। रामपुर आरपीएफ की टीम को पटरियों के पास कुछ युवक व एक मानसिक रूप से कमजोर युवक मिला। उसने पुलिस पर भी पत्थर से हमला करने की कोशिश की। आरपीएफ का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर पथराव करने वाले की शिनाख्त की जाएगी। यदि पत्थर मारने वाले का चेहरा पहचान में आ जाता है तो गिरफ्तार कर केस दर्ज किया जाएगा। फिलहाल अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सड़क हादसे में घायल किसान की मौत, रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद- सड़क हादसे में घायल किसान अमरीक सिंह (55) की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक सवार कुंवरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुंडिया खुर्द निवासी जगजीत सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि चार मई को उनके पिता अमरीक सिंह बाइक से अपने घर आ रहे थे। नगर में माटखेड़ा रोड पर बाइक सवार कुंवरपाल निवासी ग्राम पहाड़पुर ने लापरवाही से उनके पिता की बाइक में टक्कर मार दी। जिसके कारण उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में उनकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# आईएसआई जासूस- रामपुर के युवकों को भेजा पाकिस्तान, शहजाद के दोस्त-परिवार पर खुफिया नजर, कई लोग हुए अंडर ग्राउंड

मुरादाबाद- आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा शहजाद आतंकी हमले की साजिश भी रच रहा था। जांच में सामने आया कि उसने रामपुर के कई युवकों को पाकिस्तान भेजा और वीजा दिलाने में पाकिस्तानी हाई कमीशन में तैनात दानिश ने मदद की। शहजाद का आईएसआई एजेंट्स से संपर्क तस्करी के दौरान हुआ था। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार टांडा निवासी शहजाद के बाद उनके परिवार के लोग व करीबी भी खुफिया एजेंसियों के निशाने पर है। शहजाद की रविवार को गिरफ्तारी हुई थी। उसे सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया था।शहजाद मसालों के व्यापार की आड़ में पाकिस्तान आता-जाता था और वहीं आईएसआई एजेंटों के संपर्क में आकर जासूसी गतिविधियों में लिप्त हो गया था। एटीएस ने दो महीने तक उसकी गतिविधियों पर नजर रखी और कॉल रिकॉर्डिंग सहित अन्य सबूतों के आधार पर मुरादाबाद से गिरफ्तार किया था। शहजाद को अदालत ने 31 मई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एटीएस जल्द ही उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। सूत्रों के मुताबिक, शहजाद के संपर्क में कुछ और लोग भी थे, जिनकी गतिविधियों पर एजेंसियों की नजर है। हालांकि, जांच अभी प्रारंभिक स्तर पर है और किसी अन्य को हिरासत में नहीं लिया गया है। खुफिया एजेंसी उनकी गतिविधियों पर नजर रखी हुई हैं। सूत्रों के मुताबिक परिवार के लोगों से भी पूछताछ की जा सकती है। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आतंकी हमला अंजाम देने की साजिश रच रहा था जासूस शहजाद मुरादाबाद से गिरफ्तार आईएसआई जासूस शहजाद किसी बड़े आतंकी हमले की साजिश का ताना-बाना बुन रहा था। खुफिया एजेंसियों ने इसकी भनक लगने के बाद उसकी निगरानी शुरू कर दी थी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। उसने रामपुर के कई युवकों को पाकिस्तान भेजा था। उनके लिए वीजा का इंतजाम भी किया था। अब एटीएस उन युवकों के बारे में जानकारी जुटा रही है। सूत्रों के मुताबिक जांच में सामने आया है कि दिल्ली स्थित पाकिस्तानी हाई कमीशन में तैनात दानिश आईएसआई एजेंट्स के इशारे पर शहजाद और उसके साथियों को वीजा दिलाने में मदद करता था। बता दें कि दानिश ने ही हरियाणा निवासी ज्योति मेहरोत्रा को पाकिस्तान भेजने का इंतजाम किया था, जिसे जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। दरअसल, तस्करी के दौरान शहजाद का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट्स से संपर्क हुआ था, जिसके बाद उनके बीच व्हाट्सएप पर बातचीत होने लगी थी। एजेंट्स ने उससे कई गोपनीय सूचनाएं जुटाकर भेजने को कहा ताकि कोई आतंकी घटना अंजाम दी जा सके। धीरे-धीरे उसने रामपुर के कुछ युवाओं को कॉस्मेटिक, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, महिलाओं के कपड़े की तस्करी के काम में अपने साथ जोड़ा और उनका वीजा आईएसआई एजेंट्स की मदद से हासिल कर लिया। एटीएस को शक है कि पाकिस्तानी एजेंट्स से मिलने वाली रकम को भारत में जासूसी करने वाले लोगों को मुहैया कराने के साथ अलगाववादी और विंध्वसकारी गतिविधियों में इस्तेमाल करने के लिए जुटा रहा था। उसके मोबाइल की फॉरेंसिक जांच में एजेंट्स से मिलने वाली रकम का ब्योरा हासिल करने की कवायद की जा रही है। उसे रिमांड पर लेकर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले बाकी एजेंट्स के बारे में पूछताछ करने की तैयारी है।



# पिता की डांट से आहत बालक ने खाया जहर तबीयत बिगड़ी


मुरादाबाद- नगर के मोहल्ला भूबरा में एक 12 वर्षीय बालक ने पिता की डांट से आहत होकर जहर खा लिया। घटना सुबह की है। हालत बिगड़ने पर परिजन बालक को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों के मुताबिक मोहल्ला भूबरा निवासी व्यक्ति ने सुबह किसी बात पर अपने 12 वर्षीय बेटे को डांट दिया। इससे आहत होकर बालक ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टी और बेहोशी की हालत में परिवार वाले घबरा गए और आनन-फानन में उसे नजदीकी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने बताया कि बालक की हालत अब खतरे से बाहर है। उधर, घटना के बाद मोहल्ले में चर्चा का विषय बन गई कि बच्चों के मनोविज्ञान को समझना आज के समय में कितना जरूरी है। छोटी-छोटी बातें कभी-कभी बड़े हादसों का कारण बन जाती हैं।




## संक्षिप्त समाचार

# तेंदुए की दहशत...वन विभाग के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा

